>

Title: Need to provide stoppage of trains at Unjha and Mehsana Railway stations in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): महोदय, मेहसाणा भौगोलिक रूप से उत्तर गुजरात के मध्य में आने वाला सबसे बड़ा जिला है।

मेहसाणा औद्योगिक नगरी, दुग्ध नगरी एवं ओ.एन.जी.सी. के कारोबार के लिए जग प्रसिद्ध है।

तदोपरांत उंझा जो एशिया की सबसे बड़ी स्पाइस सिटी के नाम से मशहूर है वह व्यापार तथा प्रवासन स्थल के रूप में जाना जाता है।

मेहसाना तथा उंझा में संपूर्ण देश से व्यापारी तथा मैनेजमेंट अधिकारियों का आवागमन रहता है। इस क्षेत्र से भी विद्यार्थी तथा प्रजाजन अभ्यास तथा प्रवासन हेतु हैदराबाद, बेंगलोर, त्रिवेन्द्रम, कोलकाता, दिल्ली, जयपुर इत्यादि स्थानों पर आवागमतन करते हैं।

मेहसाणा तथा उंझा स्टेशनों में निम्न गाड़ियों के स्टॉपेज उपलब्ध नहीं है। सामाजिक, आर्थिक, औद्योगिक, शैक्षणिक तथा प्रवासन गतिविधियों के प्रोत्साहन हेतु मेहसाणा तथा उंझा में निम्न गाड़ियों के स्टॉपेज की सुविधा प्रदान करें।

ट्रेन नं0 ट्रेन का नाम

1. 6509/6510 बेंगलोर एक्सप्रेस

2. 6209/6210 बेगलोर एक्सप्रेस

3. 9269/9270 पोरबन्दर-मुजफ्फरपुर

4. 6533/6534 यशवंतपुरा

5. 6311/6312 कोचीवल्ली एक्सप्रेस